Title: Need for early gauge conversion of rail line between Bareilly and Lucknow, U.P.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास में भारतीय रेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। परन्तु बरेली तथा लखनऊ के मध्य के महत्वपूर्ण रेल प्रखण्ड का गेज परिवर्तन न हो पाने के कारण विकास की गति स्थिर हो गई है। आज की नई अन्तर्राट्रीय अर्थव्यवस्था का दबाव भारत वर्ा को निर्यातोन्मुखी कृाि के लिए मजबूर कर रहा है। इस तराई क्षेत्र में जिसकी अपार संभावनाएं हैं परन्तु बुनियादी ढांचे का अभाव इस प्रगति को बाधित कर रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रखण्ड के गेज परिवर्तन से क्षेत्रीय किसानों की पहुंच महत्वपूर्ण निर्यात केन्द्रों, विमानपत्तनों तथा बंदरगारों तक सहज रूप से हो सकेगी जिसके फलस्वरूप निर्यातोन्मुखी कृाि को प्रोत्साहन मिलेगा तथा कृाि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पूंजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

मेरा सदन के माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि बदलती परिस्थितियों में पूर्वोत्तर रेलवे के बरेली-लखनऊ प्रखण्ड का गेज परिवर्तन अतिशीघ्र सुनिश्चित करने का कट करें जिससे नई अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए सभी संसाधनों को शीघ्र संयोजित किया जा सके।